संपादकीय

# अर्थव्यवस्था के अंतर्विरोध

अगर वास्तविक अर्थव्यवस्था की चुनौतियां बढ़ रही हैं, तो जीडीपी में ऊंची वृद्धि दर कहां से आ रही है? जाहिर है, यह शेयर, बॉन्ड और ऋण बाजार से आ रही है। यह एक बड़ा अंतर्विरोध है, जिसे समझना आज सर्वाधिक आवश्यक है।

ये तीन ताजा आर्थिक सुर्खियां हैः जुलाई से सिंतबर की तिमाही में भारत में नए निवेश की घोषणा में इस वित्त वर्ष कि पहली तिमारी की तुलना में 13 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) की तुलना में 21.5 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके पहले इस वर्ष पहली तिमाही यानी मार्च से जून तक उसके पहले वाली तिमाही की तुलना में नए निवेश की घोषणाओं में 45.8 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी। इनके बीच चिंता का पहलू प्राइवेट निवेश में आई भारी गिरावट है। दूसरी हेडलाइन बीते अगस्त महीने के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक से संबंधित है। बताया गया था कि इस सूचकांक 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मगर अब एक अखबार ने बताया है कि इस सकल बढ़ोतरी के अंदर मैनुफैक्चरिंग सेक्टर के एक तिहाई हिस्से का हाल यह रहा कि उसमें वृद्धि दर आधार वर्ष यानी 2011-12 के अगस्त में दर्ज हुई वृद्धि से भी नीचे चली गई। इस सेक्टर में वस्त्र, चमड़ा, लकड़ी, कागज, तंबाकू, कृत्रिम धातु, प्रिंटिंग आदि शामिल हैं। लेकिन ऐसी बदहाली सिर्फ पुराने दौर के उद्योगों की नहीं है। बल्कि यह भी ताजा सुर्खी है कि सूचना तकनीक (आईटी) कंपनियों में हजारों लोगों को काम से हटा दिया गया और कर्मचारियों की वेतन वृद्धि रोक दी गई है। ऐसा आईटी उद्योग की संभावनाएं कमजोर होने के आम अनुमान की वजह से है। अनुमान में गिरावट मांग और आपूर्ति से जुड़े मसलों के कारण आई है। अगर अब दूसरी तरफ निगाह डालिए। पिछले हफ्ता शेयर मार्केट ऊंचाइयों पर बंद हुआ। उधर भारत के जीडीपी में 6 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर दर्ज होने का अंदाजा लगातार बना हुआ है। खुद प्रधानमंत्री ने आईएमएफ के इस अनुमान को ट्विट किया कि इस वर्ष भी भारत सबसे ऊंची वृद्धि दर करने वाला देश रहेगा। तो अगर वास्तविक अर्थव्यवस्था की चुनौतियां बढ़ रही हैं, तो यह वृद्धि दर कहां से आ रही है? जाहिर है, यह शेयर, बॉन्ड और ऋण बाजार से आ रही है। संभवतः शेयर बाइबैक जैसी बढ़ती प्रवृत्तियों के कारण वहां की कुछ वृद्धि भी कृत्रिम हो। स्पष्टतः इस अंतर्विरोध को समझना आज सर्वाधिक आवश्यक है।

# गूगल ने मैप्स, सर्च, क्रोम के लिए लॉन्च किया नया एक्सेसिबिलिटी टूल

**नई दिल्ली ।** गूगल ने लोगों के डेली टास्क को तेजी से और आसानी से पूरा करने में मदद करने के लिए मैप्स, सर्च और क्रोम पर नए एक्सेसिबिलिटी फीचर्स और अपडेट पेश किए हैं। डिसेबिलिटी कम्युनिटी के लिए नई आइडेंटिटी एट्रिब्यूट अब गूगल मैप्स और सर्च पर उपलब्ध है, जो कस्टमर्स को बिजनेस के बारे में अधिक जानकारी देती है और व्यापारियों को कम्युनिटी मेंबर के रूप में सेल्फ-आइडेंटिटी का ऑप्शन प्रदान करती है।




गूगल में प्रोडक्ट्स फॉर ऑल के वरिष्ठ निदेशक ईव एंडरसन ने कहा, यह अपडेट हमारे मौजूदा बिजनेस एट्रिब्यूट पर आधारित है, जिसमें एशियाई स्वामित्व वाली, अश्वेत स्वामित्व वाली, लातीनी स्वामित्व वाली, एलजीबीटीक्यू प्लस स्वामित्व वाली, अनुभवी स्वामित्व वाली और महिला स्वामित्व वाली शामिल हैं।

लेन्स इन मैप्स (जिसे पहले लाइव व्यू के साथ सर्च के नाम से जाना जाता था) लोगों की नए जगहों की खोज करने में मदद करने के लिए एआई और आग्मेन्टड रियलिटी का इस्तेमाल करता है।

नेत्रहीन या कम दृष्टि वाले लोगों के लिए इसे और अधिक सुलभ और उपयोगी बनाने के लिए, लेंस इन मैप्स में स्क्रीन रीडर क्षमताएं मंगलवार से आईओएस और इस साल के अंत में एंड्रॉइड पर आ जाएंगी।

एंडरसन ने कहा, जहां भी हमारे पास डेटा उपलब्ध है, आईओएस और एंड्रॉइड पर ग्लोबल लेवल पर व्हीलचेयर-एक्सेसिबल वॉकिंग रूट्स के रिक्वेस्ट के ऑप्शन के साथ, आप मैप्स में वॉकिंग डायरेक्शन का रिक्वेस्ट करने पर स्टेयर-फ्री रूट्स प्राप्त कर सकते हैं।

यह फीचर मैप्स में व्हीलचेयर-एक्सेसिबल ट्रांजिट नेविगेशन ऑप्शन पर आधारित है, जो लोगों को स्टेयर-फ्री ट्रांजिट रुट्स दिखाती है।

इस साल की शुरुआत में, गूगल ने एंड्रॉइड और आईओएस के लिए गूगल मैप्स पर व्हीलचेयर-एक्सेसिबल जगहों को ढूंढना सभी के लिए आसान बना दिया।

अब, कंपनी उस जानकारी को बिजनेस में लाना शुरू कर रही है और एंड्रॉइड ऑटो और गूगल निर्मित कारों के लिए मैप्स पर पेज डाल रही है।

जब आप गूगल मैप्स में कोई जगह सर्च करते हैं और उस पर क्लिक करते हैं, तो एक व्हीलचेयर आइकन दिखाई देगा अगर डेस्टिनेशन में स्टेप-फ्री एंट्रेस, सुलभ शौचालय, पार्किंग या बैठने की जगह है।

इस साल की शुरुआत में, गूगल ने क्रोम एड्रेस बार में एक नया फीचर पेश किया था, जो टाइपो का पता लगाती है और क्रोम आपके विचार के आधार पर सुझाई गई वेबसाइटों को प्रदर्शित करता है।

कंपनी ने कहा, यह सुविधा एंड्रॉइड और आईओएस पर क्रोम तक विस्तारित हो रही है, इसलिए आपको अपने सभी डिवाइस पर समान अनुभव होगा।

# एचपी ने लॉन्च किया किफायती रीफर्बिश्ड लैपटॉप

**नई दिल्ली ।** पीसी और प्रिंटर प्रमुख एचपी ने गुरुवार को भारत में किफायती रीफर्बिश्ड लैपटॉप पेश किया। कंपनी ने कहा कि वह इसे एक एचपी प्रमाणित भागीदार के माध्यम से चलाएगी, जो खुदरा ग्राहकों और व्यवसायों को इन किफायती एचपी पीसी बेचेगा।



नवीनीकरण कार्यक्रम एक सदस्यता मॉडल में संचालित किया जा रहा है, इससे व्यवसायों को 6, 12, या 24 महीनों के लिए नवीनतम तकनीक तक पहुंचने की अनुमति मिलती है, जिसे अब खुदरा ग्राहकों और छोटे व्यवसायों को लेनदेन के आधार पर नवीनीकृत पीसी की पेशकश करने के लिए विस्तारित किया जा रहा है। कंपनी ने एक बयान में कहा, कार्यक्रम का शुरुआती फोकस नोटबुक पर होगा। इसका उद्देश्य अपनी पेशकशों का विस्तार और विविधता लाना है।

एचपी इंडिया मार्केट के उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बराड़ ने कहा,यह उन लोगों के लिए एक गेम-चेंजर है, जो वित्तीय बाधाओं का सामना कर रहे हैं, पीसी उपयोग के लिए दरवाजे खोल रहे हैं। छात्रों को शैक्षिक संसाधन मिलते हैं, छोटे उद्यम उत्पादकता बढ़ाते हैं, और स्टार्टअप लागत प्रभावी तकनीकी समाधान ढूंढते हैं, ये सभी अधिक डिजिटल रूप से समावेशी समाज में योगदान करते हैं। एचपी का प्रमाणित भागीदार उद्यम और खुदरा उपभोक्ताओं से उपकरण प्राप्त करेगा और एचपी द्वारा परिभाषित मानकों के अनुसार उनका नवीनीकरण करेगा। नवीनीकरण के बाद, भागीदार बिक्री करेगा और वारंटी सहित बिक्री के बाद व्यापक सहायता प्रदान करेगा। नवीनीकरण कार्यक्रम एचपी की पूर्व पायलट पहलों से उपजा है, जैसे आंतरिक रूप से कार्यबल के लिए प्रति वर्ष करीब 20 हजार उपकरणों की पुनः तैनाती। कंपनी ने कहा, हर एचपी-प्रमाणित रीफर्बिश्ड डिवाइस व्यक्तिगत प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं के अनुरूप मेमोरी एन्हांसमेंट से लेकर स्टोरेज विस्तार तक कठोर नवीनीकरण प्रक्रिया से गुजरती है।

# भारत के खिलाफ बांग्लादेश ने टॉस जीता, पहले बल्लेबाजी का फैसला

**पुणे।** भारत और बांग्लादेश के बीच वनडे विश्व कप 2023 का 17वां मुकाबला खेला जा रहा है। भारतीय टीम शानदार फॉर्म में चल रही है और उसने अब तक अपने तीनों मुकाबले जीते हैं। वहीं बांग्लादेश की टीम को तीन में से एक में जीत मिली है और दो में हार का सामना करना पड़ा है। भारत-बांग्लादेश के बीच यह मुकाबला पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जा रहा है।

बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया है। बांग्लादेश के लिए नियमित कप्तान शाकिब अल हसन नहीं खेल रहे हैं। यह उनकी टीम के लिए बड़ा झटका है।

शाकिब टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। उनकी जगह नजमुल हसन शांतो कप्तानी कर रहे हैं। वहीं, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का ही फैसला करने वाले थे। ऐसे में टॉस हारकर भी ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है।

# एप्पल पेंसिल लॉन्च, कीमत स्मार्टफोन के बराबर

**नई दिल्ली।** ऐपल पेसिंग को लॉन्च कर दिया गया है। ऐपल का दावा है कि यह एक अफोर्डेबल पेंसिल है। लेकिन आम जनता की नज़र में पेंसिल की कीमत काफी ज्यादा है। यूजर फर्स्ट जनरेशन ऐपल पेंसिल को 9,500 रुपये में खरीद पाएंगे। यह पेंसिल यूएसबी टाइप सी चार्जिंग के साथ आती है। ऐपल पेंसिल के साथ एडॉप्टर को अलग से 900 रुपये में बेचा जाएगा। मतलब कुल जमा आपको 10,400 रुपये देने होंगे। यूजर्स का कहना है कि इस प्राइस प्वाइंट में एक एंड्रॉइड स्मार्टफोन आ जाएगा। हालांकि ऐपल पेंसिल सभी यूजर्स के लिए नहीं है। नई ऐपल पेंसिल को 7,900 रुपये में खरीदा जा सकेगा, जो बिक्री के लिए नवंबर के शुरुआत से उपलब्ध हो जाएगी। एजुकेशन पर्पज के लिए ऐपल पेंसिल 6,900 रुपये में बिक्री के लिए उपलब्ध रहेगी। ऐपल पेंसल सेकेंड जनरेशन को अलग से खरीदा जा सकेगा। इसकी कीमत 11,900 रुपये है, जो आईपैड एयर, आईपैड मिनी, आईपैड प्रो के साथ कम्पैटिबल है। ऐपल पेंसिल टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट के साथ आती है।

**किस प्रोडक्ट को करेगी सपोर्ट-** ऐपल पेंसिल इस लाइनअप का सबसे नया एंट्रेंस है, जो दो ऑप्शन में आएगी। इसमें स्लाइडिंग कैप मिलेगी, जिसे हटाने पर यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट सपोर्ट दिया जाएगा। इसका मतलब नई पेंसिल सभी आईपैड मॉडल के साथ काम करेगी। इसमें आईपैड (10th जनरेशन), iPad Air (4th और 5th जनरेशन), iPad Pro 11 इंच (1, सेकेंड, थर्ड और चौथा जनरेशन ), आईपैड प्रो 12.9 इंच (3, चौथा, पांचवां, छठवीं जनरेशन) के साथ आईपैड मिनी (6th जनरेशन) शामिल है।

**क्या है खास-** ऐपल पेंसिंग की



मदद से स्केचिंग और इलस्ट्रेशन करना आसान हो जाएगा। ऐपल पेंसिंग में क्रि असीमित संभावनाएं मौजूद हैं। इसमें डिजिटल हैंडराइटिंग, डॉक्यूमेंटेशन का मैजिकल एक्सपीरिएंस मिलता है। ऐपल पेंसिंग में यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट के साथ ही पिक्सल परफेक्ट एक्युरेसी मिलती है। इसमें लो-लेटेंसी के साथ टिल्ट सेंसटिविटी मिलती है। नई ऐपल पेंसिल मैट फिनिश में आती है।

# विश्व कप अभियान को ढर्रे पर लाने के लिए आस्ट्रेलिया और पाकिस्तान को हासिल करनी होगी लय

**बेंगलुरू।** परिपक्वता की पर्याय आस्ट्रेलिया और आक्रामकता की मिसाल पाकिस्तान की टीमें विश्व कप के मुकाबले में शुक्रवार को जब आमने सामने होंगी तो उन्हें खेल के हर विभाग में सुधार करके अपने रसूख के मुताबिक प्रदर्शन करना होगा।

पाकिस्तान को दबाव में बेखौफ क्रिकेट खेलने के लिये जाना जाता है लेकिन इस बार भारत के खिलाफ महा मुकाबले में 1992 चैम्पियन टीम दबाव नहीं झेल सकी। भारत ने बिल्कुल एकतरफा अंदाज में सात विकेट से जीत दर्ज की। श्रीलंका के खिलाफ हैदराबाद में प्रदर्शन भले ही अच्छा रहा हो लेकिन श्रीलंका का आक्रमण भी आला दर्जे का नहीं था। अब सामना आस्ट्रेलिया से है और पांच बार की चैम्पियन टीम अपनी ही समस्याओं से जूझ रही है। आस्ट्रेलिया की चुनौती इस समय भारत की तरह दुश्वार भले ही नहीं हो लेकिन उसे हराना आसान नहीं होगा।

वनडे क्रिकेट में आस्ट्रेलिया का पाकिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड 69 . 34 का है और 50 ओवरों के विश्व कप में आस्ट्रेलिया ने छह मैच जीते जबकि चार हारे हैं।

पाकिस्तान के लिये सलामी बल्लेबाज इमामुल हक ने तीन मैचों में सिर्फ 63 रन बनाये हैं। उन्हें अब्दुल्ला शफीक का बखूबी साथ निभाना होगा जिन्होंने खराब फॉर्म से जूझ रहे फखर जमां की जगह ली है।

कप्तान बाबर आजम भी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। पाकिस्तानी बल्लेबाजी की धुरी बाबर ने भारत के खिलाफ अर्धशतक बनाया लेकिन नीदरलैंड और श्रीलंका के खिलाफ नाकाम रहे।

इन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ जिम्मेदारी से खेलना होगा क्योंकि उसके पास ऐसा गेंदबाजी आक्रमण है जो किसी भी बल्लेबाजी क्रम की बखिया उधेड़ सकता है।

उन्हें मध्यक्रम में मोहम्मद रिजवान पर अत्यधिक निर्भरता से भी बचना होगा। नीदरलैंड के खिलाफ अर्धशतक बनाने वाले सऊद शकील और आक्रामक इफ्तिखार अहमद को भी लगातार अच्छा खेलना होगा।

नसीम शाह की गैर मौजूदगी में पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी शाहीन शाह अफरीदी पर निर्भर है लेकिन वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं है। उन्हें अपनी रफ्तार और स्विंग हासिल करनी होगी। लेग स्पिनर शादाब खान बल्ले और गेंद दोनों से नाकाम रहे हें जिनकी जगह उसामा मीर को उतारा जा सकता है। दूसरी ओर भारत और दक्षिण अफ्रीका से मिली हार ने आस्ट्रेलिया को ऐसी स्थिति में पहुंचा दिया है जिसके वह आदी नहीं है। एक और हार सेमीफाइनल की उनकी राह मुश्किल कर सकती है।

# जीएसटी प्राधिकरण ने वित्तवर्ष 23-24 में 14 हजार करोड़ रुपए के फर्जी इनपुट टैक्स दावों का लगाया पता

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय के अनुसार, जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने चालू वित्तवर्ष (2023-24) में अब तक 14,000 करोड़ रुपये के कुल 1,040 फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट मामलों का पता लगाया है। बुधवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गई। इन मामलों के संबंध में 91 धोखेबाजों को गिरफ्तार किया गया है।




बयान में बताया गया है कि जीएसटी चोरी के खतरे से निपटने के लिए डीजीजीआई देशभर में अपने खुफिया नेटवर्क का उपयोग करने के अलावा डेटा विश्लेषण के लिए उन्नत उपकरणों के माध्यम से, विशेष रूप से कर चोरी के नए क्षेत्रों में खुफिया जानकारी विकसित करता है। कुल मिलाकर 2023-24 में समग्र जीएसटी चोरी (फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट सहित) और रुपये के स्वैच्छिक भुगतान के रूप में 1.36 लाख करोड़ रुपये का पता चला है। परिणामस्वरूप 14,108 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

जून 2023 से डीजीजीआई ने देशभर में सक्रिय मास्टरमाइंडों और विघटनकारी सिंडिकेट्स की पहचान करने और उन्हें पकडऩे पर विशेष जोर दिया है। बयान में कहा गया है कि उन्नत तकनीकी उपकरणों की सहायता से डेटा विश्लेषण का उपयोग करके मामलों को सुलझाया गया है, जिससे कर चोरों की गिरफ्तारी हुई है। ये टैक्स सिंडिकेट अक्सर भोले-भाले व्यक्तियों का उपयोग करते हैं और उन्हें नौकरी/कमीशन/बैंक ऋण आदि का प्रलोभन देकर उनके केवाईसी दस्तावेज़ निकालते हैं, जिनका उपयोग उनकी जानकारी और सहमति के बिना नकली/शेल फर्म/कंपनियां बनाने के लिए किया जाता था। बयान में कहा गया है कि कुछ मामलों में केवाईसी का इस्तेमाल संबंधित व्यक्ति की जानकारी में उन्हें छोटे आर्थिक लाभ देकर किया जाता था।

# दिन में एक एक्स्ट्रा कप कॉफी भी कम कर सकती है वजन, रिसर्च में सामने आई जानकारी

कॉफी पीना काफी लोगों को पसंद होती है. यह सेहत के लिए भी फायदेमंद मानी जाती है. कहा जाता है कि कॉफी पीने से हार्ट डिजीज, डायबिटीज और कुछ कैंसर में फायदा मिल सकता है. आजकल वजन भी तेजी से बढ़ती समस्या बनती जा रही है. ऐसे में रिसर्च में पाया गया है कि दिन में एक एक्स्ट्रा कप कॉफी पीने से या उसमें शक्कर क्रीम या कुछ एक्स्ट्रा डालने का असर वजन पर होता है. आइए जानते हैं एक्स्ट्रा कप कॉफी पीने से वजन कम होता है या नहीं?



## क्या कॉफी पीने से कम होता है वजन

तीन रिसर्च में पाया गया है कि ऐसे लोग जो बिना शक्कर की मात्रा बढ़ाए, एक कप एक्स्ट्रा कॉफी पीते हैं, उनका वजन कम बढ़ा है. शोधकर्ताओं ने पाया है कि कॉफी से वजन कम बढ़ सकता है. दिन में एक कप अतिरिक्त कॉफी पीने वालों में चार साल के अंदर 0.12 किलो कम वजन बढ़ सकता है. अगर उस कॉफी में शक्कर डाल दिया जाए तो वजन 0.09 किलोग्राम ज्यादा बढ़ सकता है.

## क्या कहता है रिसर्च

इस रिसर्च टीम ने 1986 से 2010 और 1991 से 2015 तक बी नर्सेस हेल्थ स्टडीज में 2.3 लाख पार्टिसिपेंट्स और 1991 से 2014 तक हेल्थ प्रोफेशनल फॉलोअब स्टडी के 50,000 पुरुष पार्टिसिपेंट्स के आंकड़ों को मिलाया. उनसे खानपान को लेकर सवाल किए गए. इसमें कॉफी पीने से चार साल के अंदर वजन को लेकर भी सवाल शामिल था. नर्सों के अध्ययन में पाया गया कि हर चार साल में 1.2 से 1.7 किलो वजन बढ़ा है.

वहीं, हेल्थ प्रोफेशनल के अध्ययन में पाया गया कि औसत वजन 0.8 किलो का बढ़ा. इसके आधार पर पाया गया कि एक दिन में एक कप बिना शक्कर की कैफीनेटेड या अनकैफीनेटेड कॉफी पीने से चार साल में उम्मीद से 0.12यत्र वजन कम बढ़ा. दूध या दूसरे डेयरी प्रोडक्ट्स को कॉफी में मिलाने पर उसका कोई असर नहीं हुआ, जबकि एक चम्मच शक्कर से 0.09 किलो वजन बढ़ा.

## क्यों खास है यह स्टडी

इस रिसर्च की बात करें तो यह दो लिहाज से काफी खास है. पहला इसका सैंपल साइज काफी बड़ा था और दूसरा इसमें पार्टिसिपेंट्स से कई सालों तक जानकारी ली जाती रही. इस रिसर्च में यह साबित नहीं हो पाया कि कॉफी पीने से वजन में बदलाव होने सही कारण है. क्योंकि अध्ययन में पाए गए बदलाव ज्यादा बड़े नहीं थे.

## कॉफी का वजन पर प्रभाव क्यों

कैफीन प्राकृतिक उत्तेजक है, जो भूख को कम करने का काम करता है. कई लोग एक्सरसाइज से पहले उसे बेहतर बनाने के लिए कॉफी पीते हैं. कैफीन मेटाबॉलिज्म की गति को बढ़ाने का काम करते हैं. जिससे आराम करने के दौरान भी ज्यादा ऊर्जा खर्च हो. चूंकि वजन कम होने के कई कारण हैं, इसलिए यह अध्ययन ज्यादा संतोषजनक नहीं माना जा सकता है.

# सलमान खान ने जारी किया टाइगर 3 का नया पोस्टर, 12 नवंबर को रिलीज होगी फिल्म

टाइगर 3 टाइगर जिंदा है और एक था टाइगर का सीक्वल है. एक्टर सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी की विशेषता वाली टाइगर सीरिज का तीसरा पार्ट फैंस को बेहद पसंद है. हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया और इसे फैंस से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है. सलमान खान और कैटरीना कैफ ने ट्रेलर को लेकर फैंस के उत्साह का खुलासा किया, वहीं फिल्म निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी नजर आ रहे हैं.



टाइगर 3 के ट्रेलर ने फैंस के बीच भारी उत्साह पैदा कर दिया है क्योंकि वे इसे बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्सुक हैं. जहां फिल्म के ट्रेलर को अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी, वहीं फिल्म के निर्माता अब फिल्म का एक नया पोस्टर लेकर आए हैं जिसमें सलमान खान और कैटरीना कैफ नजर आ रहे हैं.

# शब्द सामर्थ्य- 218

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 217 का हल



# सू-दोकू- 218

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 217 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# आज का राशिफल

***मेष-*** आज आपका दिन खास होने वाला है। बच्चे आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। पिछले दिनों की गई मेहनत का आज आपको बेहतर फल मिलेगा।

***वृष-*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा। आज आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे, वे आपका अनुसरण करेगा।

***मिथुन-*** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार के साथ बिता सकते हैं। आज आपके लिए कोई फैसला करना कठिन होगा। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान कैंसिल हो सकता है।

***कर्क-*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर पर अचानक कोई रिश्तेदार आ सकते हैं, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आयेंगे। आज आपको किसी भी कोर्ट कचहरी के मामले में पडऩे से बचना चाहिए।

***सिंह-*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। साथ काम करने वाले लोगों से आपको मदद मिलेगी। दोस्तों की मदद से आपके काम की प्लानिंग सफल होगी।

***कन्या-*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखें, इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच-समझकर ही लेने चाहिए।

***तुला-*** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम से रिलेटिड कोई शुभ समाचार मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आज आप दोस्तों के साथ खुशी के पल बिताएंगे।

***वृश्चिक-*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढिय़ा है।

***धनु-*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, लेकिन किसी सहकर्मी की मदद से पूरा करने में सफल होंगे।

***मकर-*** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आपको सबका पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे।

***कुंभ-*** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका दिन घूमने-फिरने में बीत सकता है। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक कोई बड़ा धन लाभ होगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा मजबूत होगा।

***मीन-*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी।